<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

"अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के नेतृत्व में सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा के साथ इरेडा में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2026 का शुभारंभ"



नई दिल्ली, 26 अक्टूबर 2026

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) ने आज नई दिल्ली स्थित अपने पंजीकृत कार्यालय में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2026 का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का आरंभ अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. बिजय कुमार महान्ती द्वारा कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा दिलाकर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री राजेश वर्मा, पूर्व सचिव, एबीबीएफएफ, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अजय कुमार साहनी तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इस वर्ष की थीम "सत्यनिष्ठा से समृद्धि" है।

सभा को संबोधित करते हुए अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. बिजय कुमार महान्ती ने कहा, "वास्तविक समृद्धि का आकलन केवल विकास और उपलब्धियों से नहीं, बल्कि उन मूल्यों एवं नैतिक मानकों से भी किया जाता है जिनके माध्यम से उन्हें प्राप्त किया जाता है।" उन्होंने कहा कि भारत की समर्पित हरित वित्तीय संस्था के रूप में इरेडा को सार्वजनिक संसाधनों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसलिए प्रत्येक निर्णय सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता तथा सुदृढ़ वित्तीय विवेक पर आधारित होना चाहिए और राष्ट्र के हरित ऊर्जा लक्ष्यों के प्रति इरेडा की प्रतिबद्धता उच्चतम नैतिक आचरण के मानकों के साथ चलना चाहिए।





कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर का मुख्य आकर्षण पूर्व सचिव, एबीबीएफएफ, श्री राजेश वर्मा का संवादात्मक सत्र रहा। अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने कर्मचारियों को 26 अक्टूबर से 1 नवंबर 2026 तक आयोजित होने वाले सप्ताह भर के कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता और जवाबदेही के मूल्यों को सुदृढ़ बनाने हेतु कार्यशालाओं, जागरूकता कार्यक्रमों तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

इरेडा के सभी कार्यालयों के कर्मचारियों ने वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में सहभागिता की, जिससे यह आयोजन वास्तव में संगठन-व्यापी स्वरूप ग्रहण कर सका।